Calgary

Livery Transport Services

बुलेटिन #007

LTS (लिवरी परिवहन सेवाएं) लाइसेंसिग शुल्क पर ताज़ा जानकारी 29 मार्च 2021

पिछले संपूर्ण वर्ष के दौरान, COVID-19 महामारी ने टैक्सी और लिमोज़ीन उद्योग को लगातार प्रभावित किया है। उद्योग से जुड़े लोगों की वित्तीय परेशानी को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने 15 मार्च, 2021 को सिटी काउंसिल को एक रिपोर्ट पेश करते हुए 14 मई, 2022 तक लाइसेंस नवीकरण शुल्क में कटौती का अनुरोध किया।

सिटी काउंसिल ने निम्नलिखित की मंजूरी दे दी है:

- टैक्सी और लिमोज़ीन ड्राइवर के लाइसेंस नवीकरण शुल्क में छूट ($141 ⟶ $0)
- टैक्सी प्लेट लाइसेंस नवीकरण शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती ($912 ⟶ $456)
- लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस नवीकरण शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती ($731 ⟶ $365.50)

अनुस्मारक के रूप में, ड्राइवरों के लिए अभी भी उनके टैक्सी और/या लिमोज़ीन ड्राइवर लाइसेंस का नवीकरण करवाना ज़रूरी है और इस में कै लगरी पुलिस सर्विस सूचना जांच को पूरा करना शामिल है। कृपया ध्यान दें, टैक्सी प्लेट का नवीकरण जून में और लिमोज़ीन प्लेट का नवीकरण सितंबर में होता है।

किसी भी पूछताछ के लिए, कृपया हमारे ऑफिस को LTSengagement@calgary.ca पर ईमेल करें।

भवदीय,

अब्दुल रफीह
मुख्य लिवरी निरीक्षक
कैलगरी सामुदायिक मानक